कल दिनांक 29.8.2024 को हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवम राष्ट्रीय खेल दिवस पर सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास देवरिया में छात्रों के बीच मैत्री फुटबॉल मैच वालीबाल , कुश्ती एवं कबड्डी खेल का आयोजन किया गया । विद्या मंदिर के शारीरिक आचार्य श्री रामबली जी, श्री राजकुमार पांडे जी एवं श्री संतोष जी के अनुसार सायं 3:00 बजे से खेल का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नवम एवं दशम के बीच कबड्डी का आयोजन, कक्षा दशम एवं एकादश के बीच फुटबॉल का आयोजन, एवं कक्षा सप्तम एवं अष्टम के बीच कुश्ती का आयोजन किया गया, जिसमें विजयि प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह सहित विद्यालय के समस्त आचार्य एवम छात्र भैया उपस्थित रहे।